CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 306 ▫ रायपुर, शनिवार 30 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## फेंगल चक्रवात के कारण चेन्नई में भारी बारिश एयर इंडिया और इंडिगो की कई उड़ानें प्रभावित






**चेन्नई/नई दिल्ली,** 30 नवंबर (न्यूज चैनल)। चक्रवात फेंगल के शनिवार को पुडुचेरी में दस्तक देने की उम्मीद की जा रही है। इसकी वजह से तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में समुद्र में उथल-पुथल और तेज हवा एवं बारिश के चलते चेन्नई एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। भारी बारिश के कारण एयर इंडिया तथा इंडिगो एयरलाइंस की कई उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।

सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण चेन्नई से आने-जाने वाली कई उड़ानें प्रभावित हुईं। राजधानी चेन्नई में जारी भारी बारिश के कारण कई एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई एयरलाइनों ने यात्रा सलाह और अपनी उड़ान योजनाओं पर अपडेट जारी किए हैं। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा है कि खराब मौसम और भारी बारिश के कारण चेन्नई से आने-जाने वाली उनकी उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। वहीं, इंडिगो ने एक यात्रा सलाह जारी कर बताया है कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तूतीकोरिन, मदुरै और अन्य सहित कई शहरों में उनकी उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पोस्ट में लिखा है, मौसम की मौजूदा स्थिति चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तूतीकोरिन, मदुरै से आने-जाने वाली उड़ानों को प्रभावित कर रही है। इसके साथ ही तिरुपति और विशाखापत्तनम भी प्रभावित हुए हैं।

### स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक चक्रवात फेंजल के कारण चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, कुड्डालोर जिलों और पुडुचेरी में एक-दो जगहों पर भारी बारिश होने की उम्मीद है। चेन्नई में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार फेंजल के प्रभाव के कारण तमिलनाडु के उत्तरी तटीय जिलों में भारी बारिश की उम्मीद है। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने आज चार जिलों- चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की है।

## हाइकोर्ट ने 7 दिनों के भीतर डीएलएड डिप्लोमा धारकों की चयन सूची जारी करने दिए निर्देश

**बिलासपुर,** 30 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने डीएलएड डिप्लोमा धारकों को प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक के पद पर नियुक्ति देने के लिए राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किया है. जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने राज्य शासन से कहा है कि सात दिनों के भीतर डीएलएड डिप्लोमा धारकों की चयन सूची जारी करें, जिनको प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी जानी है. अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी.



दरअसल, डीएलएड डिप्लोमा धारकों ने हाईकोर्ट में चौथी बार अवमानना याचिका लगाई है. जिस पर सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच ने राज्य सरकार के रवैये को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा, कि सुप्रीम कोर्ट और उसके बाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद भी राज्य सरकार आदेश का परिपालन करने के बजाय लगातार अवहेलना कर रही है. अवमानना याचिका की पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़कर उनकी बातें सुनी थी. विभागीय अधिकारियों के जवाब सुनने के बाद कोर्ट ने 21 दिनों के भीतर प्राइमरी स्कूलों में नौकरी कर रहे बीएड डिग्रीधारकों को बाहर निकालने और उनकी जगह मेरिट के आधार पर डीएलएड डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति देने के लिए सूची जारी करने कहा था. हाईकोर्ट द्वारा तय की गई समय सीमा बीते जाने के बाद भी जब राज्य शासन की ओर से नियुक्ति देने के संबंध में प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई तब डिप्लोमा धारकों ने न्यायालीयन आदेश की अवहलेना का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है.

मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसर ने बताया कि डीएलएड डिप्लोमा धारकों की मेरिट के आधार पर सूची बनाने और जारी करने की जिम्मेदारी व्यापम को दी गई है. व्यापम की ओर से इस संबंध में विलंब किया जा रहा है. नाराज कोर्ट ने कहा कि इस पूरे मामले में जानबुझकर न्यायालय का समय बर्बाद किया जा रहा है. कोर्ट ने राज्य शासन को अंतिम अवसर देते हुए सात दिनों के भीतर मेरिट के आधार पर डीएलएड अभ्यर्थियों की सूची जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर हलचल तेज; शिंदे आज ले सकते हैं बड़ा फैसला



**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (न्यूज चैनल)।महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी नए मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बकरार है। सीएम और डिप्टी सीएम के चेहरे को लेकर लगातार सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। इस बीच, कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने पैतृक गांव चले गए। इस वजह से महाराष्ट्र सरकार के गठन पर फैसला लेने के लिए मुंबई में होने वाली महायुति की अहम बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद अटकलें लगाई जाने लगी कि क्या शिंदे सरकार गठन के फैसले से नाराज हैं और इसलिए सतारा जिले में अपने गांव चले गए हैं। हालांकि, अब उनकी पार्टी के नेता उदय सामंत ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने दावा किया कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री परेशान नहीं हैं। वो बुखार और सर्दी से पीड़ित होने के कारण अपने पैतृक गांव चले गए। शिवसेना के एक दूसरे नेता संजय शिरसाट ने कहा कि एकनाथ शिंदे अगले 24 घंटों में कोई बड़ा फैसला लेंगे। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि शिवसेना प्रमुख केंद्रीय मंत्रिमंडल में कोई पद नहीं लेंगे क्योंकि उनकी दिलचस्पी महाराष्ट्र की राजनीति में है।

### मोदी की पत्नी जशोदाबेन ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन ने हाल ही में उज्जैन में स्थित बाबा महाकाल के दर्शन किए। जशोदाबेन ने महाकाल के चांदी द्वार पर जाकर माथा टेका और पूजन-अर्चन किया, साथ ही जलाभिषेक भी किया। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया, जहां उन्होंने शांतिपूर्वक और श्रद्धा भाव से ध्यानमग्न होकर बाबा महाकाल से आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी यह यात्रा महाकाल के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाती है। मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने बताया कि जशोदाबेन ने पहले महाकाल के चांदी द्वार पर जाकर माथा टेका, पूजन-अर्चन किया और जलाभिषेक भी किया।




**चूहा- सुनती हो, एकनाथ शिंदे बीमार हैं या नाराज हैं? इसे कौन बताएगा? चुहिया- हां जी, ये तो सीधी बात है बीमार आदमी अस्पताल जाता है, गांव नहीं जाता!**

## झांसे में आए बुजुर्ग ने खुद डाल दिए ठगों के अकाउंट में 46 लाख

**रायपुर,** 30 नवंबर (हाईवे चैनल)। साइबर ठगी के मामलों में पुलिस तमाम अभियान चलाती है. टीवी पर ज्यादा पैसे कमाने के लालच में न आने के कई विज्ञापन प्रसारित किए जाते है, लेकिन बावजूद इसके ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है. स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर आरोपियों ने वृद्ध से 46 लाख 20 हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए. वृद्ध ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने अपना मोबाइल ही बंद कर दिया. बिलासपुर साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.



### पुलिस कर रही ठगों की तलाश

पुलिस के अनुसार टिकरापारा निवासी गुरमीत सिंह, पिता करताल सिंह (64 वर्ष) एकेए लायजेस्टिक प्राइवेट लिमिटेड से वर्ष 2020 में सेवानिवृत हुए थे. वृद्ध 8 सितंबर 2024 को अपने घर में थे. इसी दौरान उनके मोबाइल में वाट्सएप पर अमिन मलिक नामक एक युवक का स्टॉक मार्केट से संबंधित एक मैसेज आया. मलिक ने वाट्सएप में ही चैट कर बताया कि स्टॉक मार्केट से मोटी रकम कमाई जा सकती है. जिसके बाद प्रियंका गर्ग नामक एक युवती का गुरमीत सिंह को कॉल आया. वह लगातार उन्हें रूपए डालने और मोटा मुनाफा दिलाना कहने लगी. झांसे में आकर उन्होंने 50 हजार रूपए जमा कराए. इस पर आरोपियों ने और रूपए जमा करना कहा. उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा रकम जमा होगी उतना ज्यादा फायदा होगा. लालच में आकर गुरमीत सिंह ने किस्तों में कुल 46 लाख 20 हजार रूपए आरोपियों के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए. इसके बावजूद आरोपी उनसे और रूपए जमा कराने की बात कहने लगे. इस पर गुरमीत ने कहा कि मेरा पहले का रूपए वापस करो, इसके बाद रूपए ट्रांसफर करूंगा. यह सुनते ही आरोपियों ने अपना मोबाइल नम्बर बंद कर दिया. वहीं गुरमीत सिंह का ट्रेडिंग एकाउंट भी बंद कर दिया. जिसके बाद उन्हें ठगी होने का अहसास हुआ. साइबर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

## कांग्रेस की बैठक में बड़े बदलाव के संकेत



**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी लाइन से हटकर बयान देने के लिए विरोधी नेताओं की खिंचाई की और कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों से सबक लेकर जवाबदेही तय करने और कमियों को दूर करने के लिए कठोर फैसले लेने की जरूरत है, जहां सबसे पुरानी पार्टी हार गई। दोनों राज्यों में पार्टी की मनोबल तोड़ने वाली हार का विश्लेषण करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित सीडब्ल्यूसी की बैठक के दौरान खड़गे ने कहा कि अंदरूनी कलह से सबसे पुरानी पार्टी को नुकसान हो रहा है और नेताओं से पार्टी विरोधी टिप्पणियां बंद करने का आग्रह किया।

खड़गे ने कहा कि उनका मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और इस बात पर जोर दिया कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर नहीं लड़े जाने चाहिए। उन्होंने कहा, कब तक राज्य के नेता राष्ट्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने चुनाव परिणामों से सबक लेकर पार्टी में कमियों को दूर करने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी को अपने प्रतिद्वंद्वियों के दुष्प्रचार और गलत सूचना का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए रणनीति बनानी होगी।

खड़गे ने कहा, इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने कार्यकर्ताओं को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चुनाव परिणामों से निराश न होने का आग्रह करते हुए कहा, इसलिए, सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में निहित है।

## 853 वाहनों की नीलामी में शासन को मिले 31 लाख 14 हजार



**कोरबा,** 30 नवंबर (हाईवे चैनल)। जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी थाना एवं चौकी को निर्देशित किया गया था कि उनके क्षेत्र में पुराने और लावारिस खड़े हुए वाहन जिनका निराकरण कर नीलामी कर उसकी राशि शासन के खाते में जमा किया गया है।

### कोरबा जिले में लावारिस वाहनों की हुई नीलामी

इस संबंध में कल 29 नवम्बर को पाली और पौड़ी उपरोडा अनुभाग के थानों में खड़ी लावारिस वाहनो की नीलामी की गई थी। जिसमे सभी थानों में जनता ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और बोली लगायी। इसमें जिला पुलिस कोरबा के अधीन थाना पाली 68 नग वाहन नीलामी से 3,45,700, थाना हरदीबाजार 22 नग से 91,300, थाना बांगो 29 नग से 58,450, थाना पसान 21 नग से 66,000 एवं चौकी कोरबी 22 नग से 69,150 कुल 162 नग लावारिस वाहन नीलामी से कुल 6,30,600 रुपये सरकार के खाते में जमा कराए जाएँगे। ज्ञात हो कि इस 853 लावारिस वाहनो की नीलामी प्रक्रिया में जिला कोरबा से कुल 31,14,506 रुपये सरकार के खाते में जमा कराए जाएँगे।

## सेंट्रल जीएसटी के दो अफसरों ने मांगी 75 हजार की रिश्वत, सीबीआई ने किया गिरफ्तार



**रायपुर,** 30 नवंबर (हाईवे चैनल)। सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के दो अफसरों को दवा कारोबारी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है. रायपुर में पदस्थ सुपरिंटेंडेंट इलोंका मिंज और इंस्पेक्टर सौम्य रंजन मलिक जीएसटी की राशि में गड़बड़ी की सेटलमेंट करने और पेनल्टी से बचाने के नाम पर घूस मांग रहे थे. जानकारी के मुताबिक मिंज और मलिक ने दवा कारोबारी राहुल वर्मा को 3 लाख रुपए की पेनल्टी का डर दिखाया. इसके सेटलमेंट के लिए उसने पहले 75 हजार रुपए मांगे थे. छत्तीसगढ़ में ऐसा पहला मौका है, जब सीजीएसटी अफसरों को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया है.

## रेत माफियाओं के हौसले बुलंद जब्त चैन माउंटेन को ही ले उड़े




**जांजगीर,** 30 नवंबर (हाईवे चैनल)। जांजगीर चांपा जिले में रेत के अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद है. जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज विभाग ने महानदी देवरघटा में छापामार कारवाई करते हुए चैन माउंटेन जब्त कर सील किया था, लेकिन खनिज माफियाओं ने सील तोड़कर दोनों चैन माउंटेन को गायब कर दिया. मामले की सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने चैन माउंटेन की तलाश की और देवरघटा में झाड़ियों के बीच एक छुपाए चैन माउंटेन को जब्त किया और मुलमुला पुलिस के सुपुर्द किया. वहीं एक अन्य चैन माउंटेन की तलाश की जा रही है.

## एटीएम में आ रही नो कैश, आउट ऑफ सर्विस जैसी समस्याएं



- **बैंक उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही एटीएम की बेहतर सुविधायें, अधिकांश एटीएम की सुविधा सिर्फ दिखावा**
- **स्वच्छता, एसी, कैमरे पर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान, अधिकांश एटीएम में नहीं है सुरक्षा हेतु गार्ड**

**धमतरी,** 30 नवम्बर (हाईवे चैनल)। एटीएम का फूल फार्म एनी टाईम मनी है। लेकिन यह मशीन अपनी नाम के साथ धमतरी शहर में लंबे समय से न्याय नहीं कर पा रही है। शहर के अधिकांश बैंको के एटीएम में एनी टाईम न सुविधा होती है न सर्विस और न ही कैश इसलिए अब लोग एटीएम और बैंको की इस व्यवस्था को कोसने लगे है।

बता दे कि धमतरी शहर में लगातार बैंक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। एक बाद एक कई नये बैंक खुले और नये पुराने बैंको द्वारा एटीएम की सुविधा भी अनिवार्य रुप से दी जा रही है। लेकिन इस बात का ध्यान नहीं रखा जा रहा है कि एटीएम में ग्राहकों को सर्विस सही मिल रही है या नही। शहर के बैंको के ज्यादातर एटीएम में नो कैश, आउट आफ सर्विस की समस्या रहती है। कई एटीएम तो हैंग होने लगते है। जिससे एटीएम कार्ड भी काफी देर तक फंस जाता है। कुछ एटीएम में कार्ड डालने के बाद स्क्रीन पर कुछ भी शो नहीं होता। ऐसे में बदहाल एटीएम सर्विस से लोग परेशान हो चुके है। इसके अतिरिक्त ज्यादातर एटीएम में गार्ड की तैनाती भी नहीं है। ऐसे में यहां सुरक्षा के इंतजाम पूर्णत: सीसीटीवी कैमरे पर रहती है। लेकिन कुछ एटीएम में कैमरे भी खराब रहते है। ऐसे में सुरक्षा भगवान भरोसे हो जाती है। वहीं एटीएम की अनदेखी बैंको द्वारा इस कदर की जाती है कि यहां न नियमित सफाई होती है और न ही लगे हुए एसी रनिंग कंडीशन में होता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ज्यादा बैंको की एटीएम सर्विस सिर्फ दिखावा साबित हो रही है।

### निकासी और जमा भी एटीएम से, खराबी से बढ़ जाती है परेशानी

पिछले कुछ सालों में एटीएम को अपडेट कर निकासी के साथ ही रकम जमा भी एटीएम की करवाया जाता है। ऐसे में ग्राहकों की निर्भरता बैंको पर कम होकर एटीएम पर बढ़ा है। बैंक के झंझट से बेहतर लोग सीधे एटीएम से रकम निकालना, जमा करना बेहतर समझते है। ऐसे में जब एटीएम बंद हो जाये तो लोगों को असुविधा होती है। लोगों का कहना है कि जब बैंक एटीएम कार्ड सर्विस का चार्ज खातेदारों से वसूलती है। अतिरिक्त विड्रा करने पर रकम भी काटी जाती है तो फिर पूरी सुविधा मिलनी चाहिए, लेकिन बैंक द्वारा खातेदारों की सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

CMYK